RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 28.2.2022
Page No. 3, Size:(7.66)cms X (7.38)cms.

प्राधिकरण के अध्यक्ष ने किया था दौरा

अहमदाबाद स्टेशन पर हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के लिए मिली एनओसी

गांधीनगर @ पत्रिका. राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष तरुण विजय, और वास्तुविद् व प्राधिकरण के सदस्य हेमराज कामदार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और राज्य प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंबई -अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के अहमदाबाद रेलवे स्टेशन बनाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। हाल ही में इन अधिकारियों ने निर्माण स्थल का दौरा किया था। उन्होंने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दो राष्ट्रीय स्मारकों -झूलता मीनार और ईंट मीनार पर प्रस्तावित परियोजना के पुरातत्व, दृश्य, सांस्कृतिक, कंपन और प्रदूषण प्रभाव का आकलन किया। तरुण विजय ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण- दिल्ली की ओर से अहमदाबाद शहर की 611वीं वर्षगांठ पर एक उपहार है।